भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2874

दिनांक 10 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

अमेरिका को किए जाने वाले निर्यात का प्रदर्शन

2874. श्री ईश्वरस्वामी के.:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने अप्रैल 2025 से लागू या संशोधित प्रशुल्क उपायों के बाद संयुक्त राज्य (यूएस) अमेरिका और अन्य प्रमुख व्यापारिक साझेदारों को किए जाने वाले निर्यात के प्रदर्शन का क्षेत्रवार और राज्यवार मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) भारतीय निर्यात द्वारा प्रमुख गंतव्य बाजारों में वर्तमान में 20 प्रतिशत से अधिक शुल्क का सामना करने वाली उत्पाद श्रेणियों का देशवार और क्षेत्रवार ब्यौरा क्या है, और भारत द्वारा प्रमुख व्यापारिक साझेदारों से आयात पर 20 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाए जाने वाली श्रेणियों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इलेक्ट्रॉनिक्स (स्मार्टफोन सहित), भेषजीय, रत्न और आभूषण, वस्त्र, अभियांत्रिकी सामान, सौर उपकरण, धातु और ऑटो घटकों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निर्यात वृद्धि या गिरावट का ब्यौरा क्या है, साथ ही उत्पादन और रोजगार पर अनुमानित प्रभाव का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) भारत सरकार अमेरिकी टैरिफ उपायों के भारतीय निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए हितधारकों (निर्यातकों और उद्योग) के साथ मिलकर एक व्यापक बहुआयामी रणनीति पर काम कर रही है, जिसमें भारत-अमेरिका के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए अमेरिकी सरकार के साथ गहन वार्ता, आरबीआई के व्यापार राहत उपायों के माध्यम से तत्काल राहत, निर्यातकों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना, अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के माध्यम से घरेलू मांग में वृद्धि, निर्यातकों को सहायता प्रदान करने वाले नए निर्यात संवर्धन मिशन जैसे निर्यात प्रोत्साहन उपाय, नए देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को आगे बढ़ाना और

मौजूदा एफटीए का बेहतर उपयोग करना शामिल है। इस बात की अपेक्षा की जाती है कि इन उपायों से भारत के व्यापारिक संबंधों में विविधता और मजबूती भी आएगी।

(ख) देश-वार सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) संबंधी लागू शुल्क दरों को डब्ल्यूटीओ टैरिफ और व्यापार डेटा पोर्टल **https://ttd.wto.org/en/download/six-digit** पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त, व्यापार समझौतों सहित भारत में आयात और निर्यात पर लागू उत्पाद-वार शुल्कों का ब्यौरा ट्रेड कनेक्ट पोर्टल के "टैरिफ एक्सप्लोरर" खण्ड में **https://www.trade.gov.in/apps/free-trade-agreements** पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

(ग) अप्रैल-जनवरी (2025-26) के दौरान, भारत का अमेरिका को निर्यात इलेक्ट्रॉनिक्स (स्मार्टफोन सहित) में 20.86 बिलियन डॉलर, इंजीनियरिंग सामान में 5.98 बिलियन डॉलर, सौर उपकरण में 0.96 बिलियन डॉलर, धातु और उपकरण में 4.83 बिलियन डॉलर, ऑटो कंपोनेंट्स में 2.03 बिलियन डॉलर, फार्मास्यूटिकल्स में 7.25 बिलियन डॉलर, वस्त्रों में 7.88 बिलियन डॉलर और रत्न और आभूषण में 4.19 बिलियन डॉलर रहा।

****